[श्री सत्यपाल मलिक]

सरकार से उनको कोई रुपया बैंकों से ब्याज पर नहीं मिलता है । पांच-छ लाख टोटल टर्न ओवर इसका होता है। कुछ किसान जो बेहतर हुआ या दुकानदार जो बेहतर हुआ वह इस काम को कर लेता हैं । लेकिन उसको किसी तरह की टैक्स वगैरह की छूट जो कि छोटे उद्योगों को शुरू के पांच साल तक मिलती है, वह भी नहीं मिलती है । कोयला लेना होता है तो ब्लैक से लेना पड़ता है । यानी आपके उद्योग सरकार से जो तमाम तरह की छूटें लेते हैं उस तरह की छूटें इन बेचारों को नहीं मिलती हैं लेकिन इसके बावजूद इतने किस्म के अभी कानून लागू कर दिये गये हैं भट्टा उद्योग के ऊपर कि ये लोग भट्टा चला ही नहीं सकते है । इसमें जो बांडेड लेबर वाला मामला है उसमें हमारी हमदर्दी मजदूरों के साथ है । लेकिन वह भी कई बार समझने में गलती हो जाती है । कैजूअल लेबर होता है, या ठेकेदारी प्रथा के तहत काम करता है तो बांडेड लेबर एक्ट तहत डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट और एस० पी० को इतने अधिकार हो गये हैं कि किसी भी भट्टा मालिक को जलील करना हो तो दो मिनट में कर सकते है । इसके बाद बोनस एक्ट है, इन्टर स्टेट माइग्रेट वर्कमेन्स एक्ट है, प्राविडेंट फण्ड इस पर लागू कर दिया है, फैक्ट्रीज एक्ट भट्टों पर लागू है, पेमेंट आफ फाल बैंक वेजेज लागू है । ये सारे एक्ट ऐसे है कि जो पांच-सात करोड़ की लागत के ऊपर की फैक्ट्री के टर्न ओवर के ऊपर कायदे से लागू होने चाहिए । लेकिन बिना पढ़े लिखे, कायदे कानून कम जानने वाले लोगों के इस उद्योग में ऊपर लागू किए गये है । इन लोगों का निवेदन है कि त्रिपक्षीय वार्ता होनी चाहिए जिसमें मंत्रालय के लोग हों, भट्टा उत्पादक हों और मजदूर संघ हो, और तीनों लोग बैठकर कौन-कौन से कानून लागू हों और कौन-कौन से नहीं लागू हो, यह तय कर लें ताकि मजदूरों के हितों की रक्षा हो सके और इस उद्योग को भी बचाया जा सके ।

---

## HARASSMENT OF INDIAN FISHERMEN BY SRI LANKAN NAVY REFERENCE TO THE ALLEGED NAVY

MR. DEPUTY CHAIRMAN: V Mr. Ramachandra Rao.

PROF. B. RAMACHANDRA RAO (Andhra Pradesh): S bring to ment a arisen as a result oi Navy harassing o *Interrwptions)* *

श्री प्यारेलाल खंडेलवाल (मध्य प्रदेश : उन्हीं के सामने कहना था । (व्यवधान)

श्री उपसभापति : आप बैठिये तो ।

श्री प्यारेलाल खंडेलवाल : उन्हीं के सामने कहने की बात है । (व्यवधान)

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : क्या जरूरत है ?

श्री प्यारेलाल खंडेलवाल : कहने की जरूरत है, इसी लिए तो कह रहे हैं ।

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): हम आपसे नहीं पूछ रहे हैं। आवश्कता है इसलिए आपसे आग्रह कर रहे हैं।

श्री उपसभापति : जरा आप बैठिए तो, इतने बेसब्र न हो जाएं । आज तो दिन भर रेलवे पर बहस है । मिनिस्टर दिन भर बैठेंगे । इस समय वह कुछ अस्वस्थ्य हैं, इसलिए वह कुछ दवा लेने गये हैं ।

आपने जो दिया है, एक दिन यह बयान माथुर साहब दे चुके हैं और

मिनिस्टर साहब ने कहा है कि हम इसकी इन्क्वायरी करायेंगे, इसलिए यह कोई नई बात नहीं है । कृपया बैठिये ।

श्री रामानन्द यादव : स्पेशल मेंशन के वक्त मिनिस्टर का रहना ज़रूरी नहीं होता है ।

Under what rule, do you want. . . (Interruptions).

श्री उपसभापति : अब एक मिनिस्टर

<ft *tt* 11 (Interrwptions) Order, please. Please let me hear him. Please allow others. *(Interruptions).*

PROF. B, RAMACHANDRA RAO: Mr. Deputy Chairman, Sir, I wish to bring to the notice of the Government a serious' situation arising out of Sri Lankan Navy harassing our fishermen fishing in Park Bay around Pamban Island eversince the commencement of hostilities by Sri Lanka against our Tamil population there. They have confiscated 600 boats, fishing equipment and even the daily catches of fish, depriving the poor fishermen of even their only means of livelihood. I myself and other Members have received telegrams, • stating that 10,000 fishermen from Rameswaram to Dhanushkodi had to stop fishing since last Saturday and will go on fast from the 22nd August in front of Central Government offices at Mandapam. Our leader, Smt. Indira Gandhi, has given considerable support to them. She knows the plight of the fishermen. My request and appeal to our Prime Minister, Defence Minister, Agriculture Minister is to take urgent action in this matter by providing protection to these fishermen and to avoid the harassment by the Sri Lankan Navy and to give *ex gratia* payment to those fishermen who have lost their boats and equipment which were confiscated unlawfully by the Sri Lanka Navy. I also request that the local authorities and Indian Navy assure the fishermen that they would pro-• vide protection and prevent further harassment. May I also request that all these facts concerning this case may be brought to the notice of Prof. G. Parthasarathy, emissary of our Prime Minister, who is to visit Sri Lanka very soon, and see that such untoward happenings are avoided.

## REFERENCE TO THE ALLEGED POLITICAL KILLINGS IN WEST BENGAL

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : उपसभापति जी, मैं सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण स्पेशल मेंशन के माध्यम से पश्चिम बंगाल में आए दिन होने वाली राजनीतिक हत्याओं की तरफ खींचना चाहता हूं । पश्चिम बंगाल में पंचायत इलेक्शन के बाद करीबन 250 घटनाएं हुई हैं जिसमें 932 आदमी इंजर्ड हुए और 32 आदमी मारे गये, जिसमें पांच जो हैं सी० पी० (एम) के थे और 27 कांग्रेस जन मारे गये ।

अभी अभी पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में खुरशीद आलम नाम के व्यक्ति . . .

*(Interruptions)*

SHRI RAMKRISHNA MAZUMDER (West Bengal): On a point of order. *(.Interruptions)*

SHRIMATI KANAK MUKHERJEE (West Bengal): Sir, what is this? He is... *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: This is not the way.

श्री रामानन्द यादव : आप उनको बंद करवाईये ।

SHRI RAMKRISHNA MAZUMDER: You cannot allow this. *(Interruptions)*

SHRIMATI KANAK MUKHERJEE: You cannot allow this. How can you allow this? *(Interruptio,-*

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति जी, मुर्शिदाबाद में खुरशीद आलम नाम के एक